शिक्षा, योजनाकारों तथा प्रशासकों

का

राष्ट्रीय स्टाफ कालेज+

वार्षिक रिपोर्ट

1978-79

17-बी, श्री अरबिन्दो मार्ग,
नई दिल्ली-1100016

+अब इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन का संस्थान कर दिया गया है।

LIBRARY & DOCUMENTATION C
N Educati
P tratio
17-B, Sri A Marg,
New Delhi-1
DOC, No. D - 9359
Date 5-12-96

विषय सूची

	पृष्ठ
आभारोक्ति	vii
भाग 1—प्रशासन और कार्य	1
बजट	4
छात्रावास	5
स्टाफ	5
अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था	5
भाग I का अनुलग्नक	5
भाग 2—कार्यक्रमों और क्रियाकलापों की समीक्षा	7
नए आयाम	9
वर्ष के दौरान लिए गए कार्यक्रम	11
प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन	14
भाग II का अनुलग्नक कार्यक्रम और कार्यकलाप	15
राज्य शिक्षा योजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (अप्रैल 6-16, 1978)	15
राज्य शिक्षा विभागों के सांख्यिकीय सहायकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (मई 23-29, 1978)	16
राष्ट्रीय सेवा योजना पर कार्यगोष्ठी (अप्रैल 17-20, 1978)	17
साक्षरता कार्यक्रम की सांख्यिकी पर प्रशिक्षण संगोष्ठी (फरवरी 6-10, 1979)	18
यू० पी० परिवीक्षाधीनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम (फरवरी 13-25, 1979)	19
दिल्ली प्रशासन के शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (जुलाई 13-18 और अक्टूबर 23-27, 1978)	20
जम्मू और कश्मीर के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (दिसंबर 4-16, 1978)	21

हरियाणा के शिक्षा अधिकारियों के लिए शिक्षा पर्यवेक्षण पर संगोष्ठी (फरवरी 16-26, 1979) 22
तमिलनाडु के विद्यालय शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (5 मार्च से 10 मार्च, 1979 तक) 23
केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए संस्थागत योजना पर कार्यगोष्ठी (मई 30 - जून 3, 1978) 24
दक्षिणी क्षेत्र के पोलिटेकनिकों के प्रशासकों तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए प्रबन्ध अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम (मद्रास में 2-7 अक्टूबर, 1978) 25
तमिलनाडु के महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संबन्धी अभिविन्यास कार्यक्रम (तमिलनाडु में 16 अक्टूबर से 29 नवंबर, 1978 तक) 26
गुजरात तथा मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना और प्रशासन संबन्धी अभिविन्यास कार्यक्रम (नई दिल्ली : 26 दिसंबर 1978 से 6 जनवरी 1979 तक) 28
शैक्षिक योजना और प्रबन्ध में पहला पत्राचार पाठ्यक्रम (1978-79) 30
उच्च शिक्षा के प्रशासन के कुछ पक्षों पर संगोष्ठी (3-5 अगस्त, 1978) 33
ब्रिटेन जानेवाले प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम (11-13 सितंबर, 1978) 34
भारत में संयुक्त राज्य शैक्षिक प्रतिष्ठान की प्रशासन परियोजना, 1979 के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमरीका जाने वाले महाविद्यालयों से चुने गए प्रधानाचार्यों के एक समूह के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (20-22 मार्च, 1979 तक) 35
संयुक्त राज्य अमरीका के सामाजिक विज्ञानों के पर्यवेक्षकों तथा पाठ्यक्रम निदेशकों के लिए भारतीय इतिहास तथा संस्कृति में कार्यगोष्ठी (19 जून से 12 जुलाई, 1979) 36
यूनेस्को द्वारा प्रायोजित विद्यालय नामांकन के प्रक्षेपण की विधियों पर एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगोष्ठी (20 नवंबर से 1 दिसंबर, 1978) 38
नई अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में शिक्षा का योगदान 39
परामर्शता 41
अनुसंधान और अध्ययन 42

अन्तर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग तथा शांति के लिए शिक्षा तथा मानवीय अधिकार तथा मूलभूत स्वतन्त्रता से संबन्धित शिक्षा 44
सर्वजनीन कार्यक्रम के संबन्ध में प्रारंभिक शिक्षा के प्रशासन का अध्ययन 45
भारत में यूनेस्को क्लबों की कार्य-व्यवस्था का अध्ययन 46
ग्राम्य विकास के लिए शिक्षा 47
अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग 48
प्रशिक्षण कार्यक्रम 48
पत्राचार पाठ्यक्रम 49
अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता 49
सम्मेलन 49
पुस्तकालय तथा प्रलेखन सेवाएं 50
प्रकाशन 51

भाग 3 परिशिष्ट 53

परिशिष्ट I—पुनर्गठित नेशनल स्टाफ कालेज परिषद् के सदस्यों की सूची (31-3-79 तक की स्थिति) 55
परिशिष्ट II—कार्यकारी समिति के सदस्यों की सूची (31-3-79 तक की स्थिति) 58
परिशिष्ट III—लेखा परीक्षा रिपोर्ट (1978-79) 60
परिशिष्ट IV—नेशनल स्टाफ कालेज का संकाय (31-3-79 तक की स्थिति) 77
परिशिष्ट V—कर्मचारियों में परिवर्तन 78
परिशिष्ट VI—संकाय सदस्यों की अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता 79

आभारोक्ति

राष्ट्रीय स्टाफ कालेज, केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय, योजना आयोग, राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा योजना के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संस्था पेरिस, और एशिया में शिक्षा के लिए यूनेस्को के प्रादेशिक कार्यालय बैंकाक को रिपोर्ट वर्ष के दौरान इसके कार्य- कलापों में रुचि लेने व सहयोग करने के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। राष्ट्रीय स्टाफ कालेज उन विशेषज्ञों का भी आभारी है जिन्होंने इसके विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने के लिए अतिथि वक्ता व्यक्तिगत रूप से अपना बहुमूल्य समय दिया। राष्ट्रीय स्टाफ कालेज अपने कुछेक कार्यक्रमों को चलाने में सहयोग देने के लिए राज्य शिक्षा विभागों, भारतवर्ष में संयुक्त राज्य शिक्षा प्रतिष्ठान और ब्रिटिश परिषद् के प्रति भी आभार प्रदर्शित करता है।

1

प्रशासन और कार्य

प्रशासन और कार्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शिक्षा-योजनाकारों एवं प्रशासकों के राष्ट्रीय स्टाफ कालेज का मुख्य रूप से पुनर्गठन किया गया जिसमें इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय शिक्षा योजना एवं प्रशासन संस्थान कर दिया जाना भी शामिल है।

परिषद की दो विशेष बैठकें 15 जुलाई और 19 अक्तूबर 1978 को हुई। इन बैठकों में दूसरी बातों के साथ एन एस सी ई पी ए के नियमों के अन्तःसंशोधनों पर विचार किया गया। परिषद ने 10 अगस्त 1977 को अपनी तीसरी बैठक में एक समिति बनाई तथा श्री हरीभाऊ जोशी को इसका अध्यक्ष बनाया गया जो कि उस समय मध्यप्रदेश के शिक्षामन्त्री थे। इनके साथ डॉ० कृपाल सिंह को और श्री पी० सबानायगम् (केन्द्रीय शिक्षा सचिव) को सदस्य तथा एन एस सी ई पी ए के निदेशक को सदस्य-सचिव बनाया गया। इस समिति का कार्य एत एस सी ई पी ए के नियमों के संशोधन पर विचार करना और उपयुक्त सिफारिशें करना था। समिति ने 14 नवम्बर 1977 को हुई बैठक में मामले पर विचार किया और स्टाफ कालेज के नियमों और अन्तर्नियमों में कुछेक संशोधनों की सिफारिश की। ये संशोधन परिषद् द्वारा 19 अक्तूबर 1978 को की गई विशेष बैठक में अनुमोदित किए गए। परिषद् द्वारा अनुमोदित मुख्य संशोधन निम्न हैं :—

— एन एस सी ई पी ए का नाम राष्ट्रीय शिक्षा योजना एवं प्रशासन संस्थान (एन आई ई पी ए) होगा।

— परिषद् की सदस्यता 20 से 27 तक बढ़ाई जा सकती है (शिक्षा योजना और प्रशासन में रुचि रखने वाले 6 प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और संकाय के एक सदस्य को मिलाकर)।

— परिषद् के अध्यक्ष को निर्धारित अवधि के लिए भारत सरकार द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

— राष्ट्रीय संस्थान का निदेशक परिषद् का उपाध्यक्ष होगा।

— राष्ट्रीय संस्थान के संकाय के सदस्य का कार्यकाल दो वर्ष होगा और गैर सरकारी सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा।

— राष्ट्रीय संस्थान का निदेशक कार्यकारिणी समिति का अध्यक्ष होगा।

— एक कार्यक्रम सलाहकार समिति बनाई जा सकती है जोकि प्रशिक्षण और अनुसंधान के विभिन्न कार्यक्रमों और शिक्षा-सम्बन्धी अन्य कार्यकलापों का ध्यान रखेगी।

i राष्ट्रीय स्टाफ कालेज का नाम अब "राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान" हो गया है। उस तारीख से संशोधित लक्ष्य और उद्देश्य परिशिष्ट में दिये गए हैं।

राष्ट्रीय स्टाफ कालेज के लक्ष्य तथा उद्देश्य नीचे दिये गए हैं :—

(क) केन्द्रीय और राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों के लिए सेवा से पूर्व और सेवाकाल के दौरान प्रशिक्षण, सम्मेलनों कार्यगोष्ठियों, बैठकों, संगोष्ठियों और विवरण सत्रों का आयोजन करना।

(ख) शिक्षा योजना और प्रबन्ध से सम्बन्धित अध्यापक-शिक्षकों और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना;

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अनुमोदन प्राप्त करके विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के प्रशासकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों और पुनश्चर्या का आयोजन करना;

(घ) भारत के विभिन्न राज्यों और विश्व के अन्य देशों में योजना तकनीक और प्रशासकीय कार्य-विधियों में तुलनात्मक अध्ययन सहित शिक्षा योजना एवं प्रशासन के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान करना, अनुसंधान में सहायता देना, बढ़ावा देना और समन्वय करना;

(च) शिक्षा योजना एवं प्रशासन में कार्यरत एजेंसियों, संस्थाओं और कार्मिकों को शिक्षा सम्बन्धी और व्यावसायिक संदर्शन प्रदान करना;

(छ) राज्य सरकारों और अन्य शिक्षा संस्थाओं को उनके अनुरोध पर परामर्श देना;

(ज) शिक्षा योजना एवं प्रशासन सेवाओं और अन्य कार्यक्रमों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रसार के बारे में विचारों और सूचनाओं के निकास घर के रूप में काम करना;

(झ) इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए शोध-लेख, पत्रिकाएं और पुस्तकें तैयार करना; उन्हें मुद्रित और प्रकाशित करना, तथा विशेष रूप से शिक्षा-योजना एवं प्रशासन पर पत्रिका निकालना;

(ट) दूसरी एजेंसियों, संस्थाओं और संगठनों से ऐसे सहयोग करना जो इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक समझे जाते हैं। इन एजेंसियों, संस्थाओं और संगठनों में विश्वविद्यालय, प्रबन्ध एवं प्रशासन संस्थान तथा भारत और विदेश में अन्य सहयोगी संस्थान शामिल हैं;

(ठ) स्टाफ कालेज की सहायता के लिए अध्येतावृत्ति और छात्रवृत्ति प्रदान करना;

(ड) अन्य देशों, विशेष रूप से एशियाई क्षेत्र के देशों के अनुरोध पर शिक्षा-योजना एवं प्रशासन में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान के लिए सुविधाएं प्रदान करना और ऐसे कार्यक्रमों में उनके साथ सहयोग करना।

एन एस सी ई पी ए के सारे प्राधिकार परिषद् में निहित हैं। 1978-79 के दौरान परिषद् के सदस्यों की सूची परिशिष्ट 1 में दी गयी है।

बजट

एन एस सी ई पी ए को शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता दी जाती है। समीक्षाधीन काल के दौरान एन एस सी ई पी ए को 14,28,900.19 रुपए का अनुदान मिला और पिछले वर्ष की बकाया राशि 2,37,835.12 रुपए योजना लेखा के अन्तर्गत इसके पास थी। इसे भारत सरकार से भी 3,38,00.00 रुपए (गैर योजना) का अनुदान मिला। एन एस सी ई पी ए ने छात्रावास के कमरों के किराये के रूप में 28,760.50 रुपए की रकम वसूल की और विविध स्रोतों से 16,357.29 रुपए

प्राप्त किए। कुल 20,94,735.37 रुपये की प्राप्ति के मुकाबले 18,90,199.86 रुपए (योजना) और 3,59,311.40 रुपए (गैर योजना) खर्च किए गए।

छात्रावास

शिक्षा योजनाकारों एवं प्रशासकों के राष्ट्रीय स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से आवासीय होते हैं। प्रशिक्षार्थियों को छात्रावास में जगह दी जाती है जिसमें 48 पूरी तरह सुविधायुक्त स्नानागार लगे एकल कमरे हैं।

स्टाफ

31-3-1979 को संकाय के सदस्यों की सूची और इस काल के दौरान स्टाफ में हुए परिवर्तन परिशिष्टों में दिए गए हैं।

अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रशासनिक खंड की दूसरी मंजिल पूरी की गई और मार्च 1979 में सी० पी० डब्लू० डी० से इसका कब्जा लिया गया। इसमें अतिरिक्त लेक्चर-हाल और कमरे, पुस्तकालय की जगह और संकाय के कमरे शामिल हैं। अतिरिक्त सुविधाओं के कारण स्टाफ कालेज 1979-80 के बाद से दो कार्यक्रम साथ-साथ चलाने में समर्थ हो गया है।

भाग 1 का अनुलग्नक

राष्ट्रीय शिक्षा-योजना एवं प्रशासन संस्थान के लक्ष्य और उद्देश्य नीचे दिए गए हैं :—

(क) केन्द्र और राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों के लिए सेवा से पूर्व और सेवाकाल में प्रशिक्षण, सम्मेलनों, कार्यगोष्ठियों, बैठकों, संगोष्ठियों तथा विवरण-सत्रों का आयोजन करना;

(ख) शिक्षा-योजना एवं प्रबन्ध से सम्बन्धित अध्यापक-शिक्षकों तथा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए अभिविन्यास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पुनश्चर्या का आयोजन करना;

(ग) केन्द्र और राज्य सरकारों में नीति-निर्धारण स्तर पर शिक्षा-योजना एवं प्रशासन के क्षेत्र में विधायकों सहित सर्वोच्च स्तर के व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और विचार-विमर्श गोष्ठियों का आयोजन करना;

(घ) भारत के विभिन्न राज्यों और विश्व के दूसरे देशों में योजना तकनीक और प्रशासकीय कार्यविधियों में तुलनात्मक अध्ययन सहित शिक्षा-योजना एवं प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान करना, अनुसंधान में सहायता देना, बढ़ावा देना और समन्वय करना;

(च) शिक्षा-योजना एवं प्रशासन के काम में लगी एजेंसियों, संस्थाओं और कार्मिकों को शिक्षा सम्बन्धी और व्यावसायिक निर्देश देना;

(छ) राज्य सरकारों और अन्य शिक्षा-संस्थाओं को उनके अनुरोध पर परामर्श देना,

(ज) शिक्षा-योजना एवं प्रशासन सेवाओं और अन्य कार्यक्रमों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और विस्तार के बारे में विचारों और सूचनाओं के निकास घर के रूप में काम करना,

(झ) इन उद्श्यों को आगे बढ़ने के लिए शोध-लेख, पत्रिकाएं और पुस्तकें तैयार करना, उन्हें मुद्रित और प्रकाशित करना तथा विशेष रूप से शिक्षा योजना एवं प्रशासन पर पत्रिका निकालना,

(ट) अन्य एजेंसियों, संस्थाओं और संगठनों से ऐसे सहयोग करना जो इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक समझे जाते हैं। इन एजेंसियों, संस्थाओं और संगठनों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय, प्रबंध एवं प्रशासन संस्थान तथा भारत और विदेश में अन्य सहयोगी संस्थान शामिल हैं,

(ठ) राष्ट्रीय संस्थान के उद्देश्यों को और आगे बढ़ाने में अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां, और शिक्षा-संबन्धी वृत्तियां देना,

(ड) शिक्षा-योजना एवं प्रशासन के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को अवैतनिक अध्येतावृत्ति प्रदान करना,

(ढ) अन्य देशों, विशेष रूप सें एशियाई क्षेत्र के देशों के अनुरोध पर उन्हें शिक्षा-योजना एवं प्रशासन में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान की सुविधायें देना और ऐसे कार्यक्रमों में उनके साथ सहयोग करना।

2

कार्यक्रमों और कार्यकलापों की समीक्षा

शिक्षा योजनाओं एवं प्रशासकों के राष्ट्रीय स्टाफ कालेज की स्थापना के छठवें वर्ष, 1978-79 में संगठन के कार्यों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। कालेज ने देश के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों की अनेक श्रेणियों को प्रशिक्षण सुविधाएं दीं, उनके लिए कार्य—गोष्ठियों और संगोष्ठियों का आयोजन किया, राज्य सरकारों के अनुरोध पर उन्हें परामर्श दिया, सहयोगी संस्थाओं तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से सम्पर्क स्थापित किया और दूसरे देशों के द्व्यावसायिक विशेषज्ञों से शिक्षा-योजना एवं प्रशासन में होने वाले अनुभवों का आदान-प्रदान किया।

नए आयाम

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चल रहे कार्यक्रमों के अतिरिक्त स्टाफ कालेज ने शिक्षा-योजना एवं प्रशासन में नये कार्यक्रमों और कार्यकलापों का आयोजन किया। विशेष रूप से निम्नलिखित का उल्लेख किया जा सकता है :—

(i) राज्यों से सहयोग

एन एस सी ई पी ए ने तमिलनाडु के कालेज शिक्षा निदेशालय को सात केन्द्रों में राज्य के कला, विज्ञान और प्रशिक्षण कालेजों के 183 प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजितक करने में सहायता दी।

(ii) शिक्षा योजना एवं प्रबंध में पत्राचार पाठ्यक्रम

वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों के लिए शिक्षा योजना एवं प्रबंध का पहला पत्राचार पाठ्यक्रम एशिया तथा ओसिएनिया के लिए शिक्षा के यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकाक के साहचर्य से आयोजित किया गया। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाग लेने वालों को शिक्षा-योजना एवं प्रबंध की नवीनतम प्रवृत्तियों की जानकारी देना था।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

(क) सांख्यिकी कार्यालय, यूनेस्को (पेरिस) के सहयोग से प्रक्षेपी स्कूल नामांकन की कार्यविधि

पर एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भाग लेने वालों को स्कूल नामांकन का विश्लेषण और प्रक्षेपण करने के तरीकों से अवगत कराना था।

(ख) शिक्षा-योजना के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान (आई० आई० ई० पी०) पेरिस, एशिया एवं ओसिएनिया में शिक्षा के यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकाक और एन एस सी ई पी ए ने मिलकर 'नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को शिक्षा की देन' पर एक संगोष्ठी आयोजित की। बंगलादेश, हंगरी, कोरिया, नेपाल, श्रीलंका, थाइलैंड, यूगोस्लाविया और भारतवर्ष से 32 व्यावसायिक विशेषज्ञों ने संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी के विषय थे : शिक्षा और समानता, शिक्षा और रोजगार तथा शिक्षा और ग्रामीण विकास।

(iv) दक्षिण क्षेत्र के पालिटेक्निक्स के प्रशासकों के लिए प्रबन्ध अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम

पालिटेक्निक्स में कार्य-पद्धति को इष्टतम बनाने के लिए तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान, मद्रास को शामिल करके दक्षिणी क्षेत्र में कोर संकाय तैयार करने के लिए दक्षिणी क्षेत्र के पालिटेक्निक्स के प्रशासकों और वारिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए मद्रास में एक प्रबंध अभिविन्यस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(v) संस्था-योजना पर कार्यगोष्ठी

केन्द्रीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए संस्था-योजना पर एक कार्यगोष्ठी का आयोजन किया गया ताकि भाग लेने वाले तीन वर्ष की अवधि के लिए संस्था-योजना तैयार करने के योग्य हो सकें।

(vi) इंग्लैंड रवाना होने वाले स्कूल प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कहने पर प्रशिक्षण के लिए इंग्लैंड रवाना होने वाले स्कूल-प्रधानाचार्यों के लिए एक प्रस्थान-पूर्व अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि उन्हें शिक्षा-प्रबन्ध की समस्याओं की समझने में सहायता मिल सके।

(vii) उत्तर-प्रदेश के परिवीक्षाधीनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के परिवीक्षाधीनों को वित्तीय कार्यविधियों, शिक्षा-योजना की नवीनतम प्रवृत्तियों और प्रबन्ध की नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(viii) राज्य शिक्षा विभागों के सांख्यिकीय सहायकों के लिए प्रशिक्षण

विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे सांख्यिकीय सहायकों के

लिए शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के सहयोग से एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

(xi) शिक्षा पर्यवेक्षण पर संगोष्ठी

हरियाणा के शिक्षा अधिकारियों के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिससे कि भाग लेने वाले पर्यवेक्षण की आधुनिक संकल्पनाओं, क्रियाविधियों और तकनीकों से अवगत हो सकें।

(x) सार्वभौमिकीकरण के सम्बन्ध में प्रारम्भिक शिक्षा के प्रशासन का अध्यन

आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, जम्मू और कश्मीर, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए नौ राज्यों में सार्वभौमिकीकरण के कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्रारम्भिक शिक्षा के प्रशासन का क्षेत्र अध्ययन शुरू किया गया।

(xi) भारतवर्ष में यूनेस्कों क्लब के कार्य का अध्ययन

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के अनुरोध पर भारतवर्ष में वर्तमान यूनेस्को क्लब के कार्यों का अध्ययन किया गया जिससे कि इस आन्दोलन में बाधा डालने वाली कठिनाइयों का पता चल सके।

(vii) ई पी ए बुलेटिन

एन एस सी ई पी ए से एक त्रैमासिक बुलेटिन प्रकाशित होती है जो शिक्षा-योजना एवं प्रशासन के के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श और प्रसार के बारे में नवीनतम सूचना देने का काम करती है। लेखों, समीक्षाओं और अनुसंधान-सार के अलावा इसमें महत्त्वपूर्ण शिक्षा विषयों पर समितियों और कार्य-समूहों की रिपोर्ट, यूनेस्को और शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय से प्राप्त दस्तावेजों और कालेज कार्यक्रमों और स्टाफ गतिबिधियों का सारांश और विशिष्टताएं शामिल होती है।

वर्ष के दौरान लिए गए कार्यक्रम

वर्ष के दौरान जो कार्यक्रम हाथ में लिए गए उनका सार-संक्षेप नीचे दिया गया है—

क्रम सं०	कार्यक्रम	अवधि	भाग लेने वालों की संख्या
1.	**राज्य शिक्षा योजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम** राज्य शिक्षा योजना अधिकारियों के लिए चौथा प्रशिक्षण कार्यक्रम	अप्रैल 6-15, 78	18

2.	**सांख्यिकीय सहायकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** राज्य शिक्षा विभागों के सांख्यिकीय सहायकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	मई 23-29, 78	33
3.	**प्रौढ़ शिक्षा**		
	राष्ट्रीय सेवा योजना पर कार्यगोष्ठी	अप्रैल 17-20, 78	44
	साक्षरता कार्यक्रम की सांख्यिकी पर प्रशिक्षण संगोष्ठी	फरवरी 6-10, 78	28
4.	**शिक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम**		
	उत्तर प्रदेश के परिवीक्षणाधीनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	फरवरी 13-25, 78 और मई 31-जून 14, 78	3
	दिल्ली प्रशासन के शिक्षा अधिकारियों के लिए पहला अभिविन्यास कार्यक्रम	जुलाई 13-18, 78	18
	दिल्ली प्रशासन के शिक्षा अधिकारियों के लिए दूसरा अभिविन्यास कार्यक्रम	अक्टूबर 23-27, 78	14
	जम्मू कश्मीर के ज़िला शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्वास कार्यक्रम	दिसम्बर 4-16, 78	12
	हरियाणा के शिक्षा अधिकारियों के लिए शिक्षा पर्यवेक्षण पर संगोष्ठी	फरवरी 19-26, 1979	25
	तमिलनाडु के स्कूल शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	मार्च 5-10, 1979	24
5.	**संस्था प्रधानों का प्रशिक्षण**		
	केन्द्रीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए संस्था योजना पर कार्यगोष्ठी	मई 30 जून 3, 1978	25
	दक्षिणी क्षेत्र के पालिटेक्निक्स के प्रशासकों तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए प्रबन्ध अभिविन्यस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम	अक्टूबर 2-7, 1978	20

	तमिलनाडु के कालेज प्रधानाचार्यों के लिए शिक्षा योजना एवं प्रशासन में अभिविन्यास कार्यक्रम (7)	अक्टूबर 16-नवम्बर 19, 1978	183
	गुजरात और मध्यप्रदेश के कालेज प्रधानाचार्यों के लिए शिक्षा योजना तथा प्रशासन में अभिविन्यास कार्यक्रम	दिसम्बर 26, 1978-जनवरी 6, 1979	41
6.	**पत्राचार पाठ्यक्रम**		
	शिक्षा योजना एवं प्रबंध में पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए पहला सम्पर्क कार्यक्रम	अगस्त 17-23, 1978 और अगस्त 28-सितम्बर 2, 1978	31 25
	शिक्षा योजना एवं प्रबंध में पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए दूसरा सम्पर्क कार्यक्रम	फरवरी 27-मार्च 31, 1979	40
7.	**स्कूलों / कालेजों के प्रधानाचार्य**		
	उच्च शिक्षा के प्रशासन के कुछ पक्षों पर संगोष्ठी	अगस्त 3-5, 1978	6
	इंग्लैंड जाने वाले स्कूल प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम	सितम्बर 11-13, 78	8
	संयुक्त राज्य अमरीका जाने वाले कालेज प्रधानाचार्यों के लिए तैयारी कार्यक्रम	फरवरी 19-26, 79	8
	यू एस ई एफ आई की प्रशासक परियोजना, 1979 के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमरीका जाने वाले कालेज प्रधानाचार्यों के चुने हुए समूह के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम	मार्च 20-22, 79	7
6.	**अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम**		
	संयुक्त राज्य अमरीका से आए हुए सामाजिक विज्ञान के पर्यवेक्षकों और पाठ्यचर्या निदेशकों के लिए भारतीय इतिहास तथा संस्कृति में कार्यगोष्ठी	जून 19-जुलाई 12, 1978	18
	प्रक्षेपी स्कूल नामांकन की विधियों पर यूनेस्को के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रशिक्षण संगोष्ठी	नवम्बर 20-दिसम्बर 1, 1978	26
	आई आई ई पी, पेरिस तथा एशिया में शिक्षा के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय, बैंकाक के सहयोग से नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को शिक्षा की देन पर संगोष्ठी	जनवरी 22-27, 1979	32

इन सभी कार्यक्रमों में 708 व्यक्तियों ने भाग लिया जिसमें शिक्षा-प्रशासक (शिक्षा योजना अधिकारी, ज़िला शिक्षा अधिकारी, स्कूल तथा कालेज प्रधानाचार्य) राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख कार्मिक, केन्द्र तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों की श्रेणियां और विदेशों से आए भाग लेने वाले भी शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन

प्रत्येक कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन शामिल है। संचालन समिति द्वारा समवर्ती मूल्यांकन होता है जो प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए गठित की जाती है और जिसमें संकाय के सदस्य, भाग लेने वालों के प्रतिनिधि और सचिवालय स्टाफ शामिल होते हैं। यह देखती है दिन कि प्रतिदिन के अनुभवों के आधार पर कार्यक्रम में कौन-कौन से परिवर्तन किए जाने चाहिए। कार्योत्तर मूल्यांकन के लिए पहले ही दिन भाग लेने वालों को मूल्यांकन प्रोफार्मा दिए जाते हैं। अपने संचयी अनुभवों को दर्शाने के लिए उन्हें ये भरने होते हैं। सत्र की समाप्ति के एक दिन पहले ये भरे प्रोफार्मा कार्यक्रम समन्वयक को लौटा दिए जाते हैं। इस मूल्यांकन को स्वतंत्र और निष्पक्ष रखने के लिए भाग लेने वालों को इन पर हस्ताक्षर नहीं करने होते हैं। इन प्रोफार्मा के आधार पर संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके बाद अन्तिम दिन मूल्यांकन सत्र होता है जबकि भाग लेने वालों को शिक्षा संबंधी या संगठनात्मक, किसी बात पर, जिसे वे उठाना चाहते हैं, अपने विचार बताने की स्वतंत्रता होती है। संस्थान भविष्य में उसी के समान पाठ्यक्रमों की अभिरचना में भाग लेने वालों की प्रति पुष्टि को ध्यान में रखता है। भाग लेने वालों के मूल्यांकन ने कुल मिलाकर दर्शाया है कि उन्होंने कार्यक्रमों को बहुत उपयोगी पाया है। प्रशिक्षार्थियों पर कार्यक्रमों के अधिक स्थायी प्रभाव के मूल्यांकन का प्रश्न विचाराधीन है।

भाग-2 का अनुलग्नक—कार्यक्रम और कार्यकलाप

राज्य शिक्षा योजना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

(अप्रैल 6-15, 1978)

केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय, और योजना आयोग के शिक्षा विभाग के सहयोग से एन एस सी ई पी ए ने राज्य शिक्षा योजना अधिकारियों के लिए 6 से 15 अप्रैल 1978 तक चौथा प्रशिक्षण कार्यक्रम (इस शृंखला का अन्तिम) आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की अगली पंचवर्षीय योजना बनाने का काम करने के लिए राज्य शिक्षा-योजना अधिकारियों की तकनीकी क्षमता में सुधार करना था।

आन्ध्रप्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश, मणिपुर, उड़ीसा और सिक्किम राज्यों के शिक्षा योजना अधिकारियों ने, जो कि स्कूल और प्रौढ़ शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और सचिवालय स्तर पर शिक्षा योजना से संबंधित थे, इस कार्यक्रम में भाग लिया।

पाठ्यक्रम की विषय सूची

केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय, और योजना आयोग के शिक्षा विभाग के साथ विस्तृत विचार विमर्श के बाद तैयार किए गए कार्यक्रम में भारत में शिक्षा योजना के उद्देश्य सम्मिलित थे : चल योजना की संकल्पना; समाज के कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा कार्यक्रम; आगामी योजना में शिक्षा; शिक्षा योजना में मानिटरिंग; मूल्यांकन और पुनर्निवेशन; ब्लाक / जिला स्तर पर शिक्षा योजना; शिक्षा में योजना कार्यान्वयन और विकल्प। इसके अलावा भाग लेने वाले संघ शिक्षा मंत्रालय और योजना आयोग गए तथा संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

व्यावहारिक अभ्यास

कार्यक्रम के दूसरे चरण में व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। भाग लेने वालों को विभिन्न सेक्टरों में अपनी-अपनी राज्य योजना का मसौदा बनाने में निर्देश दिए गए। मसौदे पर पूर्ण अधिवेशन में विचार-विमर्श हुआ।

राज्य शिक्षा विभागों के सांख्यिकीय-सहायकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

(मई 23-29, 1978)

राज्य शिक्षा विभागों की सांख्यिकीय-सहायकों के चुने हुए समूह के लिए 23 मई से 29 मई 1978 तक एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पाठ्यक्रम की रूपरेखा विशेष रूप से केन्द्र शासित प्रदेश और विभिन्न राज्यों के शिक्षा विभागों में काम करने वाले सांख्यिकीय-सहायकों के लिए तैयार की गई। ये सहायक केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय की आवश्यकतानुसार शिक्षा संबंधी आंकड़ों के एकत्रीकरण और संकलन का कार्य करते थे।

इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इसमें भाग लेने वालों को राज्य से शिक्षा संबंधी वार्षिक आंकड़ों के इकट्ठा करने के फार्मों के विभिन्न रूपों से अवगत कराना और उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण देना था जिससे वे कई प्रकार के फार्मों को (ई एस-I, ई एस-II, ई एस-III, ई एस-IV) ठीक-ठीक और शीघ्रता से भर सकें।

भारत के तीन केन्द्र शासित प्रदेशों और लगभग सभी राज्यों के कुछ सांख्यिकीय अधिकारियों को मिलाकर 53 भाग लेने वाले इस पाठ्यक्रम में उपस्थित हुए।

मुख्य विषय

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में व्याख्यान विचार-विमर्श के मुख्य विषय से थे: सांख्यिकीय आंकड़ों का वर्गीकरण और सारिणीकरण; शिक्षा संबंधी आंकड़ों को एकत्र करने का संशोधित तरीका; कुछेक संस्थानों से उत्तर न मिलने का अनुमान लगाने की तकनीकें; विभिन्न स्तरों पर एकत्र किए गए आंकड़ों में सामान्य कमियां; यथार्थता निश्चित करना, और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों से संबंधित शिक्षा संबन्धी आंकडे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ई ऐस-I, ई एस-II, ई एस-III, ई एस-IV पर सामूहिक विचार-विमर्श और संस्था के प्रपत्रों की व्यवस्था की गई, व्यावहारिक अभ्यास और सामूहिक कार्य के लिए भी अवसर दिए गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना पर कार्य गोष्ठी

(अप्रैल 17-20, 1978)

केन्द्रीय शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय के युवा सेवा केन्द्र के अनुरोध पर एनएस सी ई पी ए ने एन एस एस अभिविन्यास केन्द्रों के प्रभावी अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के एन एस एस समन्वयकर्त्ताओं और शिक्षा मंत्रालय के क्षेत्र अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पर चार दिन की कार्य गोष्ठी (अप्रैल 17-20, 1978) आयोजित की।

उद्देश्य

कार्यगोष्ठी के उद्देश्य निम्न थे :

(i) भाग लेने वालों को राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम (एन ए ई पी) की विशिष्टताओं से अवगत कराना;

(ii) उनको, उनके अपने राज्य में, एन एस एस के अन्तर्गत प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने पर टिप्पणी के आदान-प्रदान का अवसर देना।

(iii) एन एस एस के छात्र स्वयं सेवकों की उलझनों, एन ए ई पी में समाज और सहयोगी विभागों के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना; और

(vi) एन एस एस के नियमित (समवर्ती) कार्यक्रम को सुदृढ़ता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार करना और ऐसे कार्यक्रमों की मानीटरी एवं मूल्यांकन करना।

कार्यगोष्ठी में सारे देश से 44 लोगों ने भाग लिया।

मुख्य विषय

विचार किए गए विषयों में ये शामिल थे : राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम; एन एस एस के नियमित (समवर्ती) कार्यक्रमों को मजबूत करना, एन एस एस की गतिविधियों के बारे में मुहल्ला उपागम कार्यक्रम की योजना, प्रकाशन और अनुसंधान योजनाएं तथा अध्ययन, एन एस एस अभिविन्यास के विषय और विधि तंत्र का पुनरीक्षण करना और एन एस एस कार्यक्रमों का मानीटरी तथा मूल्यांकन करना।

साक्षरता कार्यक्रम की सांख्यिकी पर प्रशिक्षण संगोष्ठी

(फरवरी 6-10, 1979)

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय और एन एस सी ई पी ए ने संयुक्त रूप से साक्षरता कार्यक्रम की सांख्यिकी पर पांच दिन की प्रशिक्षण संगोष्ठी (फरवरी 6 से 10, 1978) आयोजित की।

संगोष्ठी में निम्न बातें थीं: (i) कुछ जिलों में चालक परीक्षण के लिए प्रौढ़ों के लिए साक्षरता कार्यक्रम पर आंकड़ों के एकत्रीकरण के लिए मूल प्रश्नावली, सारणीयन योजना और नियम-पुस्तिका का विकास करना, (ii) साक्षरता कार्यक्रमों के मानक वर्गीकरण का विकास करना और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की प्रकृति और स्तर का विशेष विवरण देने के लिए संकेतकों को भी विकसित करना और (iii) साक्षरता कार्यक्रमों के विश्वसनीय आंकड़ों को एकत्र करने की प्रणाली का विकास करना।

दस राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 लोगों ने इस संगोष्ठी में भाग लिया।

संगोष्ठी में रखे गए विषयों में ये शामिल थे : निरक्षरता का विस्तार—विश्व और प्रादेशिक संदर्श, निरक्षरता का सामना करने के लिए भारत में विभिन्न प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, चुने हुए जिलों में साक्षरता कार्यक्रम का कार्य करना; शिक्षा के वर्गीकरण के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर वाली आधारभूत संकल्पनाएं और परिभाषाएं, साक्षरता कार्यक्रमों में आवश्यक आंकड़ों के प्रकार, प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रमों पर प्रचलित राष्ट्रीय आंकड़े एकत्र करने की पद्धति और इसकी अपर्याप्तताएं; मानीटरी और मूल्यांकन के लिए प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक आंकड़ों के प्रकार; एकत्रित किए गए आंकड़ों के आधार पर जिला और योजना स्तर पर विश्लेषण की तकनीक और सारणीयन के प्रकार; और प्रश्नावली प्रारूप को और क्षेत्र परीक्षण के बाद हिदायत पुस्तिका को अन्तिम रूप देना।

यू० पी० परिवीक्षाधीनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

(फरवरी 13-25, 1979)

यू० पी० शिक्षा सेवा के सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों के पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंश के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार, शिक्षा योजना एवं प्रशासन के कई पहलुओं में सम्पूर्ण अभिविन्यास के लिए अपने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को राष्ट्रीय स्टाफ कालेज में प्रतिनियुक्त करती रही है।

तीन परिवीक्षाधीनों को, जो कि परिवीक्षाधीन के तौर पर भर्ती होने से पहले ही बी० एड० की परीक्षा पास कर चुके थे, प्रशिक्षण के लिए फरवरी 1979 में राष्ट्रीय स्टाफ कालेज में प्रतिनियुक्त किया गया।

शिक्षा योजना एवं प्रशासन से संबद्ध अन्य पहलुओं के अतिरिक्त उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशासकीय और वित्तीय कार्य-विधियों तथा प्रबन्ध की नई तकनीकों का विचार विमर्श शामिल है। इसमें योजना आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और एन सी ई आर टी जाना और विशेषज्ञों से विचार-विमर्श तथा शिक्षा पर्यवेक्षण पर संगोष्ठी में भाग लेना भी शामिल है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा के परिवीक्षाधीन प्रशिक्षार्थी श्री महेश चन्द्र पंत के लिए एन एस सी ई पी ए में 31 मई से 14 जून 1978 तक दो सप्ताह के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि वे शिक्षा योजना एवं प्रशासन की महत्त्वपूर्ण संकल्पनाओं और नई शिक्षा विचारधाराओं से अवगत हो सकें और उन्हें जिला स्कूल निरीक्षक के रूप में अपने कर्तव्यों का प्रभावशाली ढंग से पालन करने में कुशलता प्राप्त करने में सहायता मिल सके। प्रशिक्षार्थी ने संस्था योजना पर कार्यगोष्ठी में भाग लिया और राज्यों में शिक्षा प्रशासन के सर्वेक्षण तथा सामाजिक रूप से रचनात्मक कार्य; शिक्षा योजना की तकनीकें, जिला शिक्षा अधिकारियों की भूमिका और कार्य; विज्ञान शिक्षा और ग्रामीण शिक्षा पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा (एन सी ई आर टी) के विभाग, शिक्षा प्रौद्योगिकी केन्द्र, योजना आयोग, दिल्ली प्रशासन के शिक्षा निदेशालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, केन्द्रीय विद्यालय संगठन और शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय जाना और एन एस सी ई पी ए के निदेशक और संकाय के साथ बैठकें शामिल हैं।

दिल्ली प्रशासन के शिक्षा-अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

(जुलाई 13-18 और अक्टूबर 23-27, 1978)

दिल्ली प्रशासन के शिक्षा-निदेशालय के अनुरोध पर एन एस सी ई पी ए ने 13 से 18 जुलाई 1978 तक और 23 से 27 अक्टूबर 1978 तक दिल्ली के शिक्षा अधिकारियों के लिए शिक्षा-योजना एवं प्रशासन पर दो अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे :

(i) भाग लेने वालों को दिल्ली प्रशासन के विशेष संदर्भ में शिक्षा-योजना, प्रशासन एवं पर्यवेक्षण की कुछ महत्त्वपूर्ण संकल्पनाओं और समस्याओं से अवगत कराना।

(ii) उन्हें गुणात्मक सुधार के कार्यक्रमों और शिक्षा की नई प्रवृत्तियों से अवगत कराना।

(iii) शिक्षा पर्यवेक्षक के रूप में उन्हें अपनी तकनीकी सक्षमता और सार्थकता सुधारने लायक बनाना।

दो कार्यक्रमों में 42 शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया (पहले कार्यक्रम में 18 ने और दूसरे में 24 ने)

मुख्य उद्देश्य

कार्यक्रम द्वारा जो उद्देश्य लिए गए थे—शिक्षा-योजना की आधारभूत संकल्पना और दृष्टिकोण; दस-वर्षीय उच्च स्कूल के लक्षण और संगठनात्मक एवं प्रशासनिक तात्पर्य, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का व्यवसायीकरण और इसका संगठनात्मक तात्पर्य; जिला / ज़ोनल शिक्षा-योजना, संस्था-योजना, राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की योजना और कार्यान्वयन विधि, अध्यापकों की सेवाकाल में शिक्षा—जिला शिक्षा अधिकारियों की भूमिका; निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण; अध्यापन की नई तकनीकें; परीक्षा सुधार; योजना कार्यान्वयन के विशेष संदर्भ में जिला / ज़ोनल स्तर पर शिक्षा प्रशासन की समस्याएं, वित्तीय नियम, शिक्षा में गुणवत्ता के लिए वित्त-प्रबन्ध और योजना में शिक्षा अधिकारियों की सक्षमता में सुधार।

जम्मू और कश्मीर के ज़िला शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

(दिसम्बर 4-16, 1978)

जम्मू और कश्मीर के शिक्षा विभाग के अनुरोध पर एन एस सी ई पी ए ने जम्मू और कश्मीर के ज़िला शिक्षा अधिकारियों के लिए दिसम्बर 4 से 16, 1978 तक शिक्षा योजना एवं प्रशासन में दो सप्ताह के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे : भाग लेने वालों को जम्मू और कश्मीर के विशेष संदर्भ में शिक्षा-योजना, प्रशासन और पर्यवेक्षण के कुछ पक्षों से अवगत कराना, उन्हें गुणात्मक सुधार के कार्यक्रमों और शिक्षा की नई प्रवृत्तियों की जानकारी देना और शिक्षा पर्यवेक्षक के रूप में उन्हें अपनी तकनीकी सक्षमता और सार्थकता सुधारने का मौका देना।

जम्मू और कश्मीर के 12 जिला शिक्षा अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

पाठ्यक्रम की विषय सूची

कार्यक्रम में निम्नलिखित विषय लिए गए—

जम्मू और कश्मीर शिक्षा-विकास; प्रारंभिक शिक्षा का सरलीकरण; स्कूलों में अपव्यय और गतिहीनता; अनौपचारिक शिक्षा की संकल्पना और विधियां; समाज के कमजोर वर्ग के लिए शिक्षा के विशेष कार्यक्रम; कार्य अनुभव से संबंधित संकल्पना और कार्यकलाप; स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को सबल करना और सुधारना; उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण; सेवाकाल में अध्यापकों की शिक्षा—जिला शिक्षा अधिकारियों की भूमिका, स्कूलों में मूल्यांकन; राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की योजना और विधियां; वित्तीय नियम; शिक्षा योजना की आधारभूत संकल्पनाएं और तकनीकें; छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान शिक्षा विकास के लिए कार्य नीति और दृष्टिकोण; शिक्षा-योजना के लिए आवश्यक आंकड़े और शिक्षा में विश्लेषण, शिक्षा-योजना में प्रक्षेपण तकनीक; स्कूल मान-चित्रण; डिवीजन / ज़िला स्तर पर शिक्षा-योजना; संस्था-योजना शिक्षा योजनाओं का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण; मानीटरिंग तथा मूल्यांकन; भाग लेने के और समन्वयात्मक पक्षों पर बल देते हुए प्रशासन में नई संकल्पनाएं; योजना कार्यान्वयन पर विशेष संदर्भ सहित डिवीजन / ज़िला स्तर पर शिक्षा प्रशासन की समस्याएं।

हरियाणा के शिक्षा अधिकारियों के लिए शिक्षा पर्यवेक्षण पर संगोष्ठी

(फरवरी 16-26, 1979)

हरियाणा के शिक्षा विभाग के सहयोग से एन एस सी ई पी ए ने हरियाणा के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए 19 से 26 फरवरी 1979 तक शिक्षा पर्यवेक्षण पर एक संगोष्ठी आयोजित की।

जिस संगोष्ठी में हरियाणा के 25 शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया उसके मुख्य उद्देश्य थे :

(i) भाग लेने वालों को पर्यवेक्षण की वर्तमान संकल्पनाओं, विधियों और तकनीकों से अवगत कराना;

(ii) उन्हें कुछ राज्यों के पर्यवेक्षण प्रोफार्मों और निरीक्षण रिपोर्टों से अवगत कराना;

(iii) उन्हें अपने भविष्य में काम लेने के लिए प्रोफार्मा का विश्लेषण करने, सुधारने और आजमाकर देखने के लिए समर्थ बनाना।

मुख्य उद्देश्य

संगोष्ठी में कई उद्देश्य लिए गए जिनमें ये भी शामिल थे : पर्यवेक्षण की वर्तमान संकल्पना; पर्यवेक्षण की विधियां और तकनीकें; परिवर्तनकर्ता के रूप में शिक्षा पर्यवेक्षण; प्राथमिक स्कूलों के पर्यवेक्षण में जिला शिक्षा अधिकारियों की भूमिका के विशेष संदर्भ में स्कूल काम्प्लेक्स और शिक्षा पर्यवेक्षण; संस्था-योजना; अध्यापकों की सेवा में शिक्षा के विशेष संदर्भ में शिक्षा-पर्यवेक्षण और स्टाफ विकास; स्कूलों में अध्यापन एवं मूल्यांकन की नवीनत तकनीकें; प्रारंभिक शिक्षा के साधारणीकरण और एन ए ई पी के विशेष कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में जिला शिक्षा अधिकारियों की भूमिका; शिक्षा पर्यवेक्षण के व्यावहारिक पक्ष (नेतृत्व और निर्णय-लेना, अभिप्रेरण मनोबल, प्रभावशाली संचार, मानव गतिकी और मानव संबंध); निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए शिक्षा की नई पद्धति (10+2) का तात्पर्य; पुनर्निवेशन और अनुवर्तव की भूमिका।

तमिलनाडु के विद्यालय शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

(5 मार्च से 10 मार्च 1979 तक)

तमिलनाडु के विद्यालय-शिक्षा निदेशालय तथा शैक्षिक योजना और प्रशासन के राष्ट्रीय स्टाफ कालेज के सम्मिलित सहयोग से नई दिल्ली में 5 मार्च से 10 मार्च, 1879 तक तमिलनाडु के विद्यालय शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संबंधी छह दिन के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अभिविन्यास कार्यक्रम में 24 वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के उद्देश्य निम्न थे : (क) भाग लेने वालों को तमिलनाडु राज्य के विशेष संदर्भ में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन तथा पर्यवेक्षण की कुल संकल्पनाओं और समस्याओं से परिचित कराना; (ख) शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की नई शैक्षिक प्रवृत्तियां तथा कार्यक्रमों से उन्हें परिचित कराना, तथा (ग) शिक्षा-पर्यवेक्षकों के रूप में उन्हें अपनी तकनीकी सक्षमता तथा प्रभाविता में सुधार करने योग्य बनाना।

मुख्य विषय

इस कार्यक्रम में ये विषय लिए गए थे : भारत में शैक्षिक योजना; छठी पंचवर्षीय योजना के विशेष संदर्भ में तमिलनाडु में शैक्षिक विभाग का पुनरीक्षण; राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम; कार्यान्वयन की संरचना और विधियां; उच्चतर माध्यमिक शिक्षा (+2 चरण), दर्शन, पाठ्यचर्या, विधिशास्त्र और मूल्यांकन; उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण और इसके संगठनात्मक और प्रशासनिक निहितार्थ. कार्य अनुभव; संकल्पना और क्रिया कलाप; प्राथमिक शिक्षा की सर्वजनीनता; विद्यालयों में दुरुपयोग और अवरोध; योजना कार्यान्वयन के विशेष संदर्भ में ब्लाक जिला स्तर पर शिक्षा प्रशासन की समस्याएं; शिक्षा में गुणवत्ता के लिए योजना; शिक्षकों की सेवाकालीन शिक्षा; समेकित ग्रामीण विकास में शिक्षा अधिकारियों के शैक्षिक प्रसारण की भूमिका के विशेष संदर्भ में शिक्षा प्रसार के लिये जन संचार साधनों का उपयोग; ब्लाक / जिला में समेकित शैक्षिक विकास योजना।

केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए संस्थागत योजना पर कार्यगोष्ठी

(मई 30-जून 3, 1978)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सहयोग से, एन एस सी ई पी ए ने केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए 30 मई से 3 जून, 1978 तक संस्थागत योजना पर कार्यगोष्ठी का आयोजन किया।

इस कार्यगोष्ठी में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के दिल्ली क्षेत्र के 25 प्रधानाचार्य उपस्थित हुए।

उद्देश्य

कार्यगोष्ठी के मुख्य उद्देश्य थे : भाग लेने वालों को संस्थागत योजना की संकल्पना और तैयारी और इससे संबंधित शिक्षा की आधुनिक प्रवृत्तियों से परिचित कराना और प्रधानाचार्यों को अपने विद्यालयों के सुधार के सभी पक्षों को समाहित करने वाली तीन वर्षीय अवधि की संस्थागत योजना का निर्माण करने में सक्षम बनाना।

पाठ्क्रम विषयवस्तु

इस कार्यगोष्ठी में संस्थागत योजना पर व्याख्यान-परिचर्चायें, समूह कार्य तथा वैयक्तिक अभ्यास का आयोजन किया गया था। व्याख्यान परिचर्चायें निम्नलिखित विषयों पर आयोजित की गई थीं—संस्थागत योजना की संकल्पना, दस वर्षीय विद्यालय के पाठ्यक्रम पर समीक्षा समिति-संस्थागत योजना पर इनका प्रभाव, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पर समीक्षा समिति—संस्थागत योजना पर इसका प्रभाव; तथा समाज उपयोगी उत्पादनशील कार्य—संस्थागत योजना पर इसका प्रभाव। समूह-कार्य सत्र में संस्थागत योजना में सुधार हेतु व्यावहारिक कार्य करने के लिए भाग लेने वालों को तीन समूहों में बांट लिया गया। इस कार्यगोष्ठी में भाग लेने वालों को दो दिन की अवधि में तैयार की गई अपनी-अपनी वैयक्तिक योजनाओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के अवसर भी प्रदान किए गए।

दक्षिणी क्षेत्र के पोलिटैकनिकों के प्रशासकों तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए प्रबंध अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम

(मद्रास में 2 अक्तूबर से 7 अक्तूबर 1978 तक)

मद्रास राज्य में अडयार में स्थित तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान के अनुरोध पर राष्ट्रीय स्टाफ कालिज ने दक्षिणी क्षेत्र के पोलिटेकनिकों के प्रशासकों तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए मद्रास में 2 अक्तूबर से 7 अक्तूबर 1978 तक एक प्रबंध अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पोलिटेकनिकों के 12 प्रशासकों तथा वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

उद्देश्य

इस कार्यक्रम का व्यापक उद्देश्य मद्रास तथा अन्य दक्षिणी क्षेत्र में तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान में से एक मूल संकाय बनाने के लिए श्रेणीकृत प्रबंध अभिविन्यास प्रशिक्षण प्रारंभ करना था। इस कार्यक्रमके उद्देश्य इस प्रकार थे; शैक्षिक प्रशासकों के लिए प्रबंध अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अभिविन्यास कार्यक्रमों का संचालन; कार्यरत व्यक्तियों का अध्ययन तथा इसी प्रयोजन के लिए आधार दत्तसामग्री को एकत्रित करना; संकेतिक सूचना निकालना; पोलिटेकनिकों में कार्य-पद्धति का अभिलेखन तथा इष्टतम सिद्धि; संवृद्धि के क्षेत्रों का प्रत्यक्षीकरण नीति तथा संस्थागत योजना; संकाय सदस्यों में दल भावना का निर्माण, कार्यसमीक्षा के लिए साधनों का विकास कार्य, व्यक्तियों तथा संस्थाओं की समीक्षा तथा मूल्यांकन।

पाठ्य विषय वस्तु

कार्यक्रम में व्याख्यान-परिचर्चाओं, केस अध्ययनों तथा समूह अभ्यासों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान परिचर्चाओं के मुख्य विषय इस प्रकार थे—पोलिटेकनिकों तथा राष्ट्रीय विकास और परिवर्तन में उनकी भूमिका; प्रबंध तथा प्रशासन में नई दिशायें, संगठनात्मक गतिशीलता; प्राधिकार; उत्तरदायित्व तथा उनका निर्वाह; नेतृत्व शैलियां; संघर्ष प्रबंध, प्रबंध तथा सम्प्रेषण; समूह गतिशीलता; कार्य तथा व्यक्तियों का मूल्यांकन; भारत में उत्तर माध्यमिक शिक्षा की बाद की समस्यायें तथा उसका भविष्य; योग्यता की माप तथा परीक्षण।

केस अध्ययनों में निम्न विषयों पर विचार किया गया; शैक्षिक संस्थाओं के संदर्भ में प्रशासन की भूमिका; प्रबंध में अभिप्रेरणा तथा साहस। समूह-अनुभवों का संबंध वरिष्ठ तथा अधीनस्थ कर्मचारियों के संबंध में भूमिका निर्वाह; प्रबंध में सृजन शीलता तथा नवीन प्रक्रिया तथा दल निर्माण आदि विषयों से है।

तमिलनाडु के महाविद्यालय के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम

(तमिलनाडु में 16 अक्तूबर से 29 नवम्बर, 1978 तक)

तमिलनाडु सरकार के महाविद्यालय शिक्षानिदेशालय ने राष्ट्रीय स्टाफ कालिज के सहयोग से तमिलनाडु के कला और विज्ञान तथा प्रशिक्षण कालिजों के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना तथा प्रशासन संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किवा।

चूंकि प्रधानाचार्यों का लम्बे समय तक कालिजों से अनुपस्थित रहना कठिन था, इस कारण निम्न-लिखित सात केन्द्रों में से प्रत्येक में तीन दिन की अवधि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केन्द्र का नाम	भाग लेने वालों की संख्या
1. मद्रास पुरुष केन्द्र	22
2. मद्रास स्त्री केन्द्र	33
3. त्रिचिरापल्ली केन्द्र	27
4. मदुरई पुरुष केन्द्र	35
5. कोयम्बतूर केन्द्र	21
6. मदुरई स्त्री केन्द्र	20
7. तिरुनेलवेली केन्द्र	25

कार्यक्रम का आयोजन (क) तमिलनाड के कला, विज्ञान तथा प्रशिक्षण कालिजों के प्रधानाचार्यों के लिए स्तरीय प्रबंध अभिविन्यास प्रशिक्षण प्रारंभ करने तथा (ख) उन्हें कालेज प्रशासन में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का सामना करने के योग्य बनाने की दृष्टि से किया गया था। इस कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य निम्न थे (i) भाग लेने वालों को भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान प्रवृत्तियों तथा मुख्य समस्याओं से परिचित कराना; (ii) संस्थागत योजना : संकाय विकास तथा विद्यार्थी-कल्याण आदि कार्यक्रमों में एक परिवर्तन अभिकर्ता के रूप में उनकी भूमिका के महत्त्व की जानने में सहायता करना तथा (iii) सामान्य रूप से वाधुनिक प्रबंध तकनीकों की तथा शैक्षिक प्रशासन में उनके प्रयोग किए जाने की जानकारी देना।

मुख्य विषय :

कार्यक्रम में निम्नलिखित विषय सम्मिलित किए गए थे; सन् 1947 से भारतीय उच्च शिक्षा के समस्याएं तथा उसका भविष्य (विशेष रूप से कालेजों के संदर्भ में); संस्थागत योजना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग। राज्य द्वारा अनुदान आदि; विद्यार्थियों से संबंधित समस्याएं; प्रबंध की आधुनिक तकनीक और कालेज प्रधानाचार्यों की भूमिका; संकाय से संबंधित समस्यायें; अनुदेशात्मक सहयोग सेवाएं; गुणवत्त संवर्धन; कालेज के कैम्पस की देखभाल तथा उसमें सुधार; कालेजों के लिए शिक्षा में संरचनात्मक परिवर्तन का महत्त्व; कालेज तथा समुदाय।

गुजरात तथा मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना और प्रशासन संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम

(नई दिल्ली : 26 दिसम्बर 1978 से 6 जनवरी 1979 तक)

गुजरात तथा मध्य प्रदेश सरकार के अनुरोध पर राष्ट्रीय स्टाफ कालेज ने गुजरात और मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए शैक्षिक योजना तथा प्रशासन सम्बन्धी 12 दिन के एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया।

उद्देश्य—

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्न थे: (1) भाग लेने वालों को भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र की वर्तमान प्रवृत्तियों तथा मुख्य समस्याओं से परिचित कराना; (2) महाविद्यालयों के विकास तथा उच्च शिक्षा के गुणवत्ता संवर्धन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका से उन्हें परिचित कराना; (3) शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों तथा उनके अनुप्रयोग की जानकारी प्राप्त करवाना तथा (4) संस्थागत योजना, संकाय विकास, विद्यार्थी कल्याण और समुदाय सेवाओं के कार्यक्रमों में परिवर्तन अभिकर्ता के रूप में उन्हें अपनी भूमिका के महत्त्व को समझने योग्य बनाना।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों के 41 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया जिसमें से 25 गुजरात से तथा 16 मध्य प्रदेश से थे।

पाठ्यक्रम विषयवस्तु

गुजरात और मध्यप्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के वरिष्ट अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करने के पश्चात् यह कार्यक्रम तैयार किया गया था तथा इसमें निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया गया था : भारत में उच्च शिक्षा (विशेष रूप से महाविद्यालयों के संदर्भ में) की समस्याएं तथा भविष्य; उच्च शिक्षा (विशेष रूपसे महाविद्यालयों के संदर्भ में) की समस्याएं तथा भविष्य; उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन-उच्च शिक्षा के स्तरों को बनाए रखने तथा उनमें सुधार लाने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका; संबद्ध महाविद्यालय तथा उनका स्तर; सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की समस्याएं : एक तुलनात्मक अध्ययन; उच्च शिक्षा का वित्तीयन; सुधारात्मक शिक्षा; पूर्व में कार्य-अभिविन्यस्त पाठ्यक्रम; संकाय

सुधार तथा मूल्यांकन; अधिगम साधन केन्द्र, (प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि), अध्यापन तथा सीखने में सुधार; प्रबन्ध तथा प्रशासन में नई दिशाएं; शैक्षिक प्रशासन की भूमिका; शैक्षिक प्रबन्ध तथा सम्प्रेषण; संस्थागत योजना तथा नियोजन अभ्यास, आंतरिक मूल्यांकन; महाविद्यालय तथा राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, स्वायत्त महाविद्यालय; विद्यार्थी सेवाओं का प्रवन्ध विद्यार्थी संघ; महाविद्यालय वित्त का प्रबन्ध; संघर्ष प्रबन्ध; दल निर्माण; नवीन प्रक्रिया तथा सृजनशीलता, पाठ्येतर क्रियाकलापों का प्रबन्ध; महाविद्यालय तथा समुदाय; तथा संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर शिक्षा।

शैक्षिक योजना और प्रबन्ध में पहला पत्राचार पाठ्यक्रम

(1978 से 1979 तक)

राष्ट्रीय स्टाफ कालेज ने एशिया, ओसिएनिया तथा बैंकाक में स्थित शिक्षाके यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से वरिष्ठ शिक्षा योजनाकारों तथा प्रबन्धकों के लिए, जो अधिमान्यत: केन्द्र तथा राज्यों/संघराज्यों में जिला शिक्षा अधिकारियों की श्रेणी से कम नहीं थे, शैक्षिक योजना तथा प्रबन्ध में एक पत्राचार कार्यक्रम आरम्भ किया। देश में अपने ही प्रकार का यह पाठ्यक्रम एक जुलाई 1978 को आरम्भ हुआ तथा छह माह तक चलता रहा। इस पाठ्यक्रम का निर्माण शिक्षा योजनाकारों तथा प्रशासकों को अपने कार्य क्षेत्र से दूर किए बिना उनकी तकनीकी सक्षमता में संवर्धन की आवश्यकता को ध्यान में रखकर किया गया था। इस पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले 76 व्यक्तियों को नामांकित किया गया।

मुख्य उद्देश्य

इस पाठ्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्न थे :

2. (क) भाग लेने वालों को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद की अवधि में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले विकास से परिचित करवाना;

(ख) भाग लेने को सामान्यत: शिक्षा के क्षेत्र में तथा विशेषत: शैक्षिक योजना और प्रबन्ध में आधुनिक प्रवृत्तियों से परिचित करवाना;

(ग) भाग लेने वालों को शिक्षा योजनाकारों तथा प्रशासकों के रूप में अपनी तकनीकी सक्षमता तथा प्रभाविता में संवर्धन के लिए आवश्यक अभिवृतियों, कौशलों तथा ज्ञान का विकास करना।

(घ) भाग लेने वालों में अपनी सतत व्यावसायिक वृद्धि के लक्ष्य के लिए स्व-अधिगम की प्रक्रिया का प्रचलन।

पाठ्यक्रम विषय-वस्तु :

3. पाठ्यक्रम को दो भागों में विभाजित किया गया था : (i) पत्राचार भाग तथा (ii) संपर्क कार्यक्रम। पत्राचार भाग छह माह तक चलता रहा तथा इसके मुख्य विषय इस प्रकार थे :

(i) भारत में शैक्षिक योजना और प्रशासन की समीक्षा;

(ii) शैक्षिक योजना के सिद्धान्त और तकनीक;

(iii) शैक्षिक योजना के लिए आवश्यक सांख्यिकी;
(iv) शिक्षा का अर्थशास्त्र तथा
(v) शैक्षिक प्रशासन में प्रयोज्यता के विशेष संदर्भ में आधुनिक प्रबन्ध के मूल सिद्धान्त तथा तकनीक।

लेखक कार्य गोष्ठी

4. इस कार्यगोष्ठी का मुख्य कार्य अध्ययन सामग्री तैयार करना था। इकाइयों की एक सूची अस्थायी रूप से तैयार की गई थी और लेखकों से इन्हीं रूपरेखाओं पर पाठ तैयार करने का अनुरोध किया गया था। प्रारूप इकाइयों पर चर्चा की गई और 24 अप्रैल से 28 अप्रेल, 1978 तक होने वाली लेखक कार्य-गोष्ठी में उन्हें अंतिम रूप दिया गया। एशिया, ओसिएनिया तथा बैंकाक में यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय में शिक्षा प्रबन्ध सलाहकार डॉ० अनन्दा डब्लू० पी गुरुगे ने भी इस लेखक कार्यगोष्ठी में उस समय भाग लिया जब कि अंतिम रूप दिए जाने से पहले प्रत्येक एकक की निकटता से जांच की जा रही थी।

5. इकाइयां की कुल संख्या 36 मानी गई और उन्हें छह पुस्तकों में समुचित रूप से विभाजित किया गया। 1 जुलाई 1978 को यह पाठ्यक्रम आरम्भ किया गया जबकि भाग लेने वालों को पहली पुस्तक भेजी गई। भाग लेने वालों को एक माह में एक पुस्तक भेजी गई। अध्ययन सामग्री की अंतिम किस्त 29 दिसम्बर, 1978 की भेजी गई।

पहला संपर्क कार्यक्रम

6. भाग लेने वालों के अधिक संख्या में होने के कारण पहला संपर्क कार्यक्रम दो समूहों में आयोजित किया गया: (i) 17 से 23 अगस्त 1978 तक तथा (ii) 27 अगस्त से 2 सितम्बर 1978 तक। पहले समूह में 31 व्यक्तियों ने भाग लिया और दूसरे में 25 व्यक्ति थे। संपर्क कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे:

—विचारों के स्पष्टीकरण, विस्तारण अथवा विशदीकरण के लिए पाठ-इकाइयों के लेखकों से भाग लेने वालों की भेंट;
—अपने नियत कार्य के सम्बन्ध में अपने अध्यापकों मे भेंट;
—भाग लेने वाले व्यक्तियों द्वारा अनुभव की गई कठिनाइयों पर विचारों का आदान-प्रदान तथा पाठ्यक्रम को भाग लेने वालों की आवश्यकओं के अनुकूल बनाना।

सभी भाग लेने वालों से अपनी पसंद की पांच पुस्तकों पर पांच दत्तकार्य करने को कहा गया अथवा तीन दत्तकार्य तथा एक उपसत्र लेख तैयार करके भेजने के लिए कहा गया।

दूसरा संपर्क कार्यक्रम

7. भाग लेने वालों के लिए दूसरा संपर्क कार्यक्रम 27 फरवरी से 3 मार्च 1979 तक आयोजित

किया गया। दूसरे संपर्क कार्यक्रम में 40 ऐसे व्यक्तियों ने भाग लिया जिन्होंने अपने दत्तकार्य / उपसत्र लेख समाप्त कर लिए थे। भाग लेने वालों का राज्यवार विभाजन इस प्रकार है :

हिमाचल प्रदेश	1
केरल	3
मध्यप्रदेश	2
महाराष्ट्र	10
नागालैंड	2
राजस्थान	2
तमिलनाडु	8
उत्तर प्रदेश	2
पश्चिमी बंगाल	1
अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह	4
दिल्ली	3
योजना आयोग	1
केन्द्रीय विद्यालय संगठन	1
	40

भाग लेने वालों द्वारा भेजे गए उत्तर-पत्रों पर चर्चा तथा कुछ के द्वारा तैयार किए गए उपसत्र लेखों का प्रस्तुतीकरण दूसरे संपर्क कार्यक्रम के दो मुख्य विषय थे। इस कार्यक्रम में शिक्षा डिवीजन योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ० एस० एन० सराफ द्वारा 1979 से 1984 तक की रोलिंग योजना में शिक्षा विषय पर एक व्याख्यान परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर का उपयोग दूसरे पत्राचार पाठ्यक्रम की पाठ इकाइयों के मूल्यांकन के लिए भी किया गया था। इस कार्यक्रम में उपजिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों के लिए विविध क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षिक योजना और प्रशासन में इसी प्रकार का एक पाठ्यक्रम विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। भाग लेने वाले जिन व्यक्तियों ने पाठ्यक्रम को संतोषजनक रूप से समाप्त कर लिया था उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए।

उच्च शिक्षा के प्रशासन के कुछ पक्षों पर संगोष्ठी

(3 से 5अगस्त, 1978 तक)

शिक्षा योजनाकारों तथा प्रशासकों के राष्ट्रीय स्टाफ कालेज ने भारत में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक प्रतिष्ठान के अनुरोध पर उन्हीं के प्रशासकों की परियोजना, 1978 के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमरीका जाने वाले कुछ चुने हुए महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए 'उच्च शिक्षा के प्रशासन के कुछ पक्ष' विषय पर तीन दिन की एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

इस संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे : भाग लेने वालों द्वारा भारत तथा संयुक्त राज्य अमरीका में उच्च शिक्षा के विकास में प्रचलित प्रवृत्तियों के संबन्ध में अपने अनुभवों का आदान-प्रदान, संबद्ध महाविद्यालयों विशेष सन्दर्भ में भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्रों को पहचानने में सहायता करना जिससे उनमें सार्थक परिवर्तन किए जा सकें तथा उपस्थित संसाधनों द्वारा संभावित शैक्षिक नवीन प्रक्रियाओं के प्रचलन पर विचार विमर्श किए जा सके।

आसाम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु राज्यों तथा दिल्ली संघ राज्य के एक-एक महाविद्यालय में से प्रधानाचार्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्य विषय

भारत में संयुक्त राज्य के शैक्षिक प्रतिष्ठान के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करने के पश्चात् संगोष्ठी के मुख्य विषय इस प्रकार निर्धारित किए गए : प्रवेश विधि तथा समस्याएं : स्तरों का प्रत्यायन तथा परिरक्षण; विद्यार्थी सेवाएं, संकाय संवर्धन कार्यक्रम; महाविद्यालयों का प्रशासन तथा महाविद्यालय-समुदाय अन्योन्य क्रिया।

ब्रिटेन जाने वाले प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम

(11 से 13 सितम्बर 1978 तक)

राष्ट्रीय स्टाफ कालेज ने ब्रिटेन जाने वाले प्रधानाचार्यों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा केन्द्रीय बोर्ड के परामर्श से तैयार किया गया था।

उद्देश्य

इस अभिविन्यास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्न थे : भारतीय शिक्षा में नवीन प्रक्रियाओं के संबन्ध में भाग लेने वालों का ज्ञानवर्धन करना; विद्यालय शिक्षा पर ईश्वरभाई तथा आदिशेषिया समिति की रिपोर्टों की सिफारिशों के कार्यान्वयन में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों सहित प्रबन्ध की समस्याओं को जानने में भाग लेने वालों की सहायता करना।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों के आठ प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

मुख्य विषय

पाठ्यक्रम के मुख्य विषय निम्न थे :

भारतीय विद्यालय पद्धति में नवीन प्रक्रियाएं; समाज उपयोगी उत्पादक कार्य (इश्वरभाई पटेल समिति की रिपोर्ट के विशेष सन्दर्भ में) : विद्यालयों में मानवीय संबन्ध; अधीक्षकों के रूप में प्रधानाचार्य; +2 अवस्था पर व्यावसायीकरण (माल्कम एस० आदिशेषिया समिति की रिपोर्ट के सन्दर्भ में); शैक्षिक प्रौद्योगिकी, भारतीय शिक्षा योजना के नए लक्ष्य तथा विद्यालय और समुदाय के संबन्ध।

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
